# निगम परिषद में बजट पर हंगामा, विपक्ष ने उठाए सवाल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 मार्च.** ग्वालियर नगर निगम में शहर के विकास और मूलभूत सुविधाओं को लेकर पेश किए गए बजट पर हंगामा हुआ। पेश किए गए 2391 करोड़ रुपये के बजट पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बहस हुई। बीजेपी और कांग्रेस पार्षदों द्वारा कुल 14 संशोधन प्रस्ताव भी लगाए गए थे, जिनमें से 4 को

**नेता प्रतिपक्ष के आरोपों को महापौर ने ठहराया गलत, कहा : बजट विकास के लिए समर्पित**

अस्वीकार करते हुए सभापति ने अंततः बजट को पारित कर दिया।

नेता प्रतिपक्ष हरिपाल ने निगम की आर्थिक स्थिति को लेकर सत्ताधारी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नगर निगम के इतिहास में पहली बार आर्थिक स्थिति इतनी खराब हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि



**महापौर डॉ. सिकरवार को दी जन्म दिवस की बधाई**

बजट चर्चा पर आयोजित निगम परिषद की बैठक के पूर्व में आज महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार के जन्म दिवस के अवसर पर सभापति मनोज तोमर, नेता प्रतिपक्ष हरिपाल सहित परिषद के सभी पार्षद सदस्य गणों एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा महापौर को पुष्प गुच्छ भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी गई।

निगम को अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट पर लोन लेना पड़ रहा है, जबकि एफडी को सामान्यतः आपात स्थिति के लिए सुरक्षित रखा जाता है और उसे तोड़ा नहीं जाता।

महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि बजट शहर के विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम सवाल उठाना है, इसलिए वे हर मुद्दे पर उन्हें निशाना बनाते हैं। नगर निगम के इस बजट में कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की गई है। करोड़ों के विकास कार्य होंगे। शहर में आवारा श्वानों के लिए 5 शेल्टर हाउस बनाने की योजना शामिल है। पेयजल और सीवर व्यवस्था के लिए लगभग 800 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिसमें निगम को 25 से 30 प्रतिशत राशि वहन करनी होगी। इसके अलावा सड़कों और नालियों के निर्माण पर 500 करोड़ रुपये तथा जनकार्य मद में सड़क, डामर, आरसीसी और नालियों पर 400 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सामुदायिक भवन और पार्क विकास के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

पानी की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 900 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिसमें चंबल नदी के कोतवाल बांध से पानी लाने की योजना पर 400 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं वार्ड 61 से 66 में पेयजल व्यवस्था सुधारने और नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 450 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

## भूपेंद्र साहू बने प्रदेश सचिव एवं संभागीय मीडिया प्रभारी



**ग्वालियर 13 मार्च.** भारतीय तौलिक साहू राठौर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने पत्रकार भूपेंद्र साहू को प्रदेश सचिव एवं संभागीय मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है यह नियुक्ति पर संरक्षक प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे भाई प्रहलाद मोदी ने भूपेंद्र साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## कार ने बाइक में मारी टक्कर, पति-पत्नी घायल

**ग्वालियर।** लापरवाह चालक ने कार को तेजी से चलाते हुए बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसा गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के सिमको तिराहा नारायण विहार कॉलोनी के गेट के सामने हुआ। हादसे में महिला को गंभीर चोट आई हैं। पुलिस ने मामला कायम कर कार चालक की तलाश शुरु कर दी है। राजकुमार छावरी निवासी उत्तमपुरा जिला मुरैना अपनी पत्नी के साथ ग्वालियर आए थे।

# संयुक्त मोर्चा ने टेट के विरोध में सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 मार्च.** मप्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने टेट परीक्षा पर रोक लगाये जाने हेतु मुख्यमन्त्री के नाम संभागीय आयुक्त ग्वालियर संभाग को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें शासन द्वारा शिक्षकों की टेट परीक्षा आयोजित किये जाने ,शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नति आदेश किये जाने,अनुकंपा नियुक्ति काम सरलीकरण किये जाने, सेवानिवृत्ति पश्चात निश्चित समय सीमा में पेंशन एवं अन्य स्वत्वों काम भुगतान किये जाने , पेंशनरों के लिये धारा 49(6) काम बंधन समाप्त करने, प्रत्येक विभाग में हर तीन माह में परामर्श दात्री समिति



की बैठक आयोजित कराई जाने संबंधी मांगें सम्मिलित रही। ज्ञापन देने वालों में संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह सिकरवार जिला संयोजक रवीन्द्र त्रिपाठी, संयुक्त मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश मौर्य, कर्मचारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनूपकुमार शर्मा, जिला संयोजक शिवकुमार द्विवेदी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष बसंत कुमार, बलवीर सिंह किरार, ईश्वर लाल शुक्ला, ब्रजेश शर्मा, मुकेश कुशवाह, सोबरन यादव, भारती चौबे , अवधेश शर्मा, प्रेमलता आर्य , उर्मिला सगर मंजू शर्मा, उदित जोशी, श्याम उपाध्याय, अरविन्द सोनी, मोहर सिंह राजपूत, रामवीर सिंह पवैया, रोहित यादव, धर्मेन्द्र राजपूत, सतीष सिंह राजावत, दिग्विजय सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# ग्वालियर प्रदेश का गौरव है, यहां के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : सीएम डॉ. यादव

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 मार्च.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्वालियर मध्यप्रदेश का गौरव है। ये धरती शक्ति के आशीर्वाद से सिंचित है और शक्ति की उपासना से ही हमारा संसार सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र मध्यप्रदेश के साथ देश की इकॉनामी डेवलपमेंट में भी बड़ी भूमिका निभा रहा है। कभी बीहड़ों के लिए मशहूर रहा यह क्षेत्र हमारी सरकार के प्रयासों से आज औद्योगिक गतिविधियों का नया मानचित्र और प्रगति की नई पहचान बन रहा है।

मुख्यमंत्री ने घाटीगांव में लाड़ली बहना सम्मेलन में कहा कि ग्वालियर जिले को आज करीब 122 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 से अब तक ग्वालियर में 220 औद्योगिक ईकाईयों के लिए भूमि आवंटित



की जा चुकी है। यहां 12 हजार 500 करोड़ के निवेश से हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और लोगों की जिंदगी बदलेगी।

**महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता** - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में हमारी सरकार ने लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत गत नवंबर माह से मासिक सहायता में 250 रुपये की वृद्धि की है, जिससे अब पात्र हितग्राही बहनों को प्रतिमाह 1500 रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार अब लाड़ली बहना योजना से जुड़ी महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि उन्हें कौशल उन्नयन, रोजगार और स्व-रोजगार के अवसरों से भी जोड़ा जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस दिशा में हमारी सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं।


**ये की प्रमुख घोषणाएं**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौगातों का पिटारा खोलकर इस क्षेत्र के विकास के लिये बड़ी-बड़ी घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने भितरवार विधानसभा क्षेत्र में आरोन-पाटई उद्वहन सिंचाई परियोजना को मंजूरी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 120 करोड़ रुपए की यह परियोजना क्षेत्र के किसानों का जीवन खुशहाल कर देगी।

## शबरी माता मंदिर एवं देवनारायण मंदिर में प्रदेश की खुशहाली के लिये पूजा-अर्चना की



प्रदेश भर की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनाओं के बैंक खातों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 34वी किस्त अंतरित करने और ग्वालियर जिले में विकास कार्यों की सौगातें देने आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सबसे पहले घाटीगांव स्थित शबरी माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण के लिये कामना की। शबरी माता मंदिर परिसर में आयोजित हुए लाड़ली बहना योजना राशि अंतरण समारोह के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां से थोड़ी दूर पर स्थित देवनारायण मंदिर में भी पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर की भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत राधेश्याम-सीताराम के भजनों से सम्पूर्ण मंदिर परिसर में भक्ति एवं आस्था का वातावरण बन गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान देवनारायण मंदिर के महाराज श्री शीतलदास जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज जी द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को 'श्रीदेव नारायण चरितमानस' पुस्तक भेंट की गई।









अग्निवीर (एस एस आर/एम आर) और एस एस आर (मेडिकल) के रूप में जुड़िये

भारतीय नौसेना अग्निवीर(एस एस आर/एम आर) और एस एस आर (मेडिकल) के लिए ई-आवेदन पत्र आमंत्रित करती है

ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि : 14 मार्च से 06 अप्रैल 2026

| प्रवेश (Post) | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|
| अग्निवीर एस एस आर (सीनियर सेकेंडरी रिक्रूट) | भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से गणित और भौतिकी के साथ 10+2 में न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। अथवा केंद्रीय, राज्य और केंद्रशासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्थान से इंजीनियरिंग (मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/ ऑटोमोबाइल/ कंप्यूटर साइंस/ इंस्ट्रुमेंटेशन टेक्नोलॉजी/ सूचना प्रौद्योगिकी) में कुल 50% अंकों के साथ तीन साल का डिप्लोमा कोर्स उत्तीर्ण होना चाहिए। अथवा केंद्रीय, राज्य और केंद्रशासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से गैर-व्यावसायिक विषय अर्थात भौतिकी और गणित के साथ कुल 50% अंकों के साथ दो साल का व्यावसायिक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया होना चाहिए। |
| अग्निवीर एम आर (मैट्रिक रिक्रूट) | उम्मीदवार को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से न्यूनतम 50% अंकों के साथ मैट्रिक (10वीं) परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एस एस आर (मेडिकल) | भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से बायोलॉजी, भौतिकी और रसायन विज्ञान के साथ 10+2 में न्यूनतम 50% कुल अंकों के साथ (40% न्यूनतम प्रति विषय) उत्तीर्ण होना चाहिए। |

ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया स्कैन करे

www.joinindiannavy.gov.in | www.ssc.gov.in

रोजगार समाचार पत्र 21 मार्च 2026

विकसित समृद्ध भारत के लिए समुद्रों की सुरक्षा




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95